भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.12.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 661 का उत्तर

बख्तियारपुर-राजगीर तिलैया रेल खंड

661. श्री रामप्रीत मंडल:
श्री गिरिधारी यादव:
श्री कौशलेन्द्र कुमार:
श्री दिनेश चंद्र यादव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बख्तियारपुर-राजगीर तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण का है;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है;

(घ) उक्त परियोजना की कुल लागत कितनी है; और

(ङ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया दोहरीकरण (104 कि.मी.) का कार्य हाल ही में ₹2,192 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस परियोजना को एक विशेष रेल परियोजना घोषित किया गया है। भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकरण को भी नवंबर, 2025 में नामित किया गया है।

रेल परियोजना/ओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- **भूमि अधिग्रहण**
- **वन संबंधी स्वीकृति**
- **अतिलंघनकारी साधनों का स्थानांतरण**
- **विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां**
- **क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक स्थितियां**
- **परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि**

ये सभी कारक समापन समय को प्रभावित करते हैं।

******